अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार
सेमी- कंडक्टर लेबोरेटरी
सेक्टर- 72, सा.अ.सि.नगर-160 071, पंजाब
फोन: 91- 172-2296103- 04

विज्ञापन संख्या.01/एलवीडी/2016

नियुक्ति सूचना

सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के विस्तृत क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास सुविधा के लिए कार्यरत है। सरकारी कारें , एसयूवी आदि को चलाने के लिए वेतन बैंड-5200-20200+ग्रेड वेतन 1900 में लाइट वाहन चालकों ए की आवश्यकता है (ओबीसी के लिए 01 आरक्षित और 01 अनारक्षित)। . इन पदों के लिए निम्न योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले व्यक्तियों से दिए गए फार्मेट में ए 4 आकार के पेपर पर आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

आवश्यक योग्यता : एसएसएलसी/ एसएससी/मैट्रिक/10वीं पास और वैध लाइट ड्राइविंग लाइसेंस भी होना चाहिए।

अनुभव : 3 वर्ष का अनुभव (एलवीडी लाइसेंस प्राप्त करने के बाद) सरकारी/अर्धसरकारी/ एजेंसियों/पंजीकृतकंपनियों/सोसाइटियों/ट्रस्टों में हल्के वाहन, एसयूवी आदि चलाने का अनुभव) व्यक्तिगत तौर पर दिया गया अनुभव प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आयु सीमा : 10.09.2016 को 18-35 वर्ष (ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 38 वर्ष).

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 30.09.2016

चयन प्रक्रिया:
विधिवत गठित समिति द्वारा दिए गए पात्रता मानदंडों के आधार पर प्राप्त आवेदनों की छान-बीन करने के बाद निर्धारित मानदंडों के तहत् चयनित उम्मीदवारों के आवश्यक लिखत टेस्ट और स्किल टेस्ट पर विचार किया जाएगा। जो उम्मीद वार छान-बीन में सफल पाए जाएंगे उन्हें बुलाया जाएगा और चयन समिति के समक्ष लिखत टेस्ट और स्किल टेस्ट के लिए प्रस्तुत होना होगा। केवल वे उम्मीदवार जो लिखत टेस्ट में पास होंगे उन्हें स्किल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। केवल योग्य उम्मीदवारों को लिखत टेस्ट और स्किल टेस्ट के लिए बुलाने का अधिकार एससीएल के पास आरक्षित है और इस बारे में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा

सामान्य शर्तें /अनुदेश:

i) केवल भारतीय नागरिक आवदन कर सकते हैं।

ii) अभ्यर्थी को लिखत टेस्ट के दिन, अभ्यर्थी के द्वारा दिए गए पत्राचार के पते के अनुसार द्वितीय श्रेणी का रेल का किराया दिया जाएगा।

iii) केवल वे अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं जिनके पास कम से कम दी गई निर्धारित योग्यता है। उन्हें उनके द्वारा आवेदन किए गए पद के लिखत टेस्ट और स्किल टेस्ट हेतु बुलाया जाएगा लेकिन विज्ञापन के अनुसार दी गई योग्यता से अधिक शैक्षणिक योग्यता/अनुभव का अतिरिक्त लाभ अभ्यर्थियों को नहीं दिया जाएगा। उन्हें केवल विज्ञापित पद /ग्रेड ही दिया जाएगा।

iv) वर्तमान में यह पद एससीएल, सा.अ.सि. नगर(पंजाब) में है लेकिन चयनित अभ्यर्थी को आवश्यकतानुसार भारत में कहीं भी स्थित अंतरिक्ष विभाग इसरो के किसी भी इकाई/ केन्द्र में नियुक्त किया जा सकता है

v) वे अभ्यर्थी जो केन्द्रीय/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान अथवा स्वायत्तशासी संगठनों में कार्यरत हैं वे अपना आवेदन उपयुक्त माध्यम से ही भेजें। यदि आवेदन को उपयुक्त माध्यम से भेजने में किसी प्रकार की देरी हो रही हो तो वे अपने आवेदन की अग्रिम कॉपी निर्धारित तिथि से पूर्व भेज दें। लिखत टेस्ट के समय अभ्यर्थी को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

vi) अभ्यर्थी स्वयं प्रमाणित किए गए अपने संबंधित प्रमाणपत्रों/ दस्तावेजों की प्रतियों जैसे कि आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जाति आदि को संलग्न करके भेजें। मूल दस्तावेजों को लिखत टेस्ट के समय प्रस्तुत करना होगा।

vii) निर्धारित फार्मैट में दी गई अधूरी सूचना, हस्ताक्षर रहित/ निर्धारित स्थान पर बिना फोटोग्राफ/ स्वयं द्वारा बिना प्रमाणित की गई सभी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां आयु, जाति प्रमाणपत्र आदि न लगे होने की स्थिति में अवेदन को स्वीकृत नहीं किया जाएगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने पर आवेदन अथवा संलग्नक पर एससीएल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। इस विषय में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

viii) योग्यता, आवेदनों की स्वीकृति और अस्वीकृति, चयन प्रक्रिया, लिखत टेस्ट और स्किल टेस्ट आदि सभी मामलों में एससीएल का निर्णय अंतिम होगा और इस संदर्भ में किसी से भी अभ्यर्थी से संबंधित व्यक्तिगत अथवा एजेंसी से किसी भी प्रकार की जॉच अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ix) ऐसा निर्णय लिए जाने की स्थिति में एससीएल के पास पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

x) अभ्यर्थी जो लिखत टेस्ट और स्किल टेस्ट/नियुक्ति के लिए स्क्रीनिंग में चयनित नहीं किए गए, उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के अग्रिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

xi) किसी भी प्रकार के प्रलोभन/ अथवा किसी राजनैतिक प्रभाव अथवा किसी अन्य प्रकार के दबाव की स्थिति में पद के लिए योग्य नहीं माना जाएगा।

xii) लिफाफे में सभी तरह से पूरा भरा गया संलग्नकों सहित, उपयुक्त धागे से बांधा हुआ/ स्टैपल किया हुआ आवेदन जिसमें हल्के वाहन चालक ए के लिए आवेदन लिखा हो 30.09.2016 तक अथवा उससे पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पास दिए गए पते पर साधारण डाक से पहुँच जाना चाहिए।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पीएण्डजीए(स्थापना)